नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 176/2020
Dt-30.12.2020

सचिव
ग्रामीण कार्य विभाग
बिहार, पटना

31/12/2020

विषयः– मधुबनी जिलान्तर्गत मधेपुर प्रखंड के परवलपुर पंचायत में दलदल ग्राम में महादेव स्थान के पास मटकोरवा धार पर पुल निर्माण कार्य शुरू कराने के संबंध में।

महाशय,

मेरे विधानसभा क्षेत्र झंझारपुर के मधुबनी जिलान्तर्गत मधेपुर प्रखंड के परवलपुर पंचायत स्थित दलदल ग्राम में महादेव स्थान के पास मटकोरवा धार पर पुल का निर्माण कार्य का आरंभ अभी तक नहीं किया जा सका है। ज्ञात है कि कमला तटबंध वैद्यनाथपुर से दलदल गाँव होते हुए खजूरी तक जाने वाली प्रधानमंत्री सड़क स्थानीय निवासियों के आवागमन का एकमात्र लाइफ–लाइन है जिससे प्रखंड मुख्यालय अनुमंडल आदि अन्य जगहों पर जाना होता है।

इस सड़क से करीब दस हजार की आबादी को लाभ मिलता है। इस पुल की लम्बाई 62.10 मीटर तथा प्राक्कलित राशि 4 करोड़ 10 लाख रुपये का है। निविदा का कार्य सम्पन्न हो चुका है लेकिन अभी तक कार्यारंभ नहीं हो सका है। इस पुल के नहीं रहने से बच्चों, बूढ़ों खासकर महिलाओं के आवागमन में परेशानी हो रही है।

अतएव जनहित में अनुरोध है कि उक्त पुल के कार्यारंभ कराने हेतु तत्काल आवश्यक कार्रवाई करना चाहेंगे।

नववर्ष की शुभकामनाओं के साथ!

भवदीय

Nitish Mishra
(नीतीश मिश्रा)

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com